(b) A recent study conducted by Indian Council of Medical Research has tabulated informations on tobacco used by education and occupation.

(c) and (d) Ill-effects of tobacco users are highlighted in various Health Education Programmes.

### उत्तर प्रदेश में बीमारियों का प्रकोप

283. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में गत वर्ष के दौरान कई बीमारियों का प्रकोप रहा है;

(ख) यदि हां, तो ऐसी बीमारियों के नाम क्या हैं और किन-किन जिलों में इन बीमारियों का प्रकोप रहा है; और

(ग) सरकार द्वारा केन्द्रीय स्तर पर इन बीमारियों की रोकथाम तथा उपचार हेतु कौन-कौन से कदम उठाये गये हैं?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द):** (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

### महिलाओं पर परिवार नियोजन का भार

284. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि परिवार नियोजन का सारा भार मुख्यत: महिलाओं को उठाना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) नलबन्दी और नसबन्दी के आपरेशनों का वर्तमान अनुपात क्या है;

(घ) क्या सरकार ने इस प्रवृत्ति को बदलने के लिए कोई विशेष योजना बनायी है; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द):** (क) से (ग) राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आई यू डी और खाई जाने वाली गोलियां महिलाओं के लिए और कन्डोम पुरूषों के लिए हैं। पुरूषों के लिए नसबन्दी तथा महिलाओं के लिए नलबंदी की सुविधा उपलब्ध है। 31 मार्च, 1993 की स्थिति के अनुसार विभिन्न गर्भ निरोधक विधियों से सुरक्षित किए गए दम्पतियों की पुरूषों और महिलाओं को मिलाकर अनुमानित प्रतिशतता इस प्रकार है:—

| विधि | दम्पति सुरक्षा-दर |
|---|---|
| नसबंदी | 30.2 प्रतिशत |
| आई यू डी | 6.3 प्रतिशत |
| कन्डोम | 4.9 प्रतिशत |
| खाई जाने वाली गोली | 2.0 प्रतिशत |

नसबंदी के कुल मामलों में महिला नलबन्दी के आंकड़ों में वृद्धि हो रही है और 1992-93 के दौरान महिला नसबंदी का प्रतिशत कुल नसबंदी का 96.5 प्रतिशत बैठता है।

(घ) और (ङ) नो-स्कालपल पुरूष नसबंदी की शुरूआत की गई है जो एक आसान विधि है। पुरुषों के लिए वासो-आक्लूसिव विधियों के नैदानिक परीक्षण किए जा रहे हैं। पुरूष गर्भ निरोधक वैक्सीन के विकास के लिए अनुसंधान जारी है। इसके अतिरिक्त पुरूषों में कन्डोमों के प्रयोग को लोकप्रिय बनाने के लिए सूचना, शिक्षा व संचार संबंधी प्रयास किए जा रहे हैं।

### Strike by Nurses in AIIMS

285. SHRI CHATURANAN MISHRA:
SHRI N.E. BALARAM:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the nurses in the All India Institute of Medical Sciences (AIIMS) went on a strike on 12th January, 1994; and

(b) if so, what were their demands and what is Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) and (b) The All India Institute of Medical Sciences (AIIMS) Nurses Union had resorted to one day's Mass Casual Leave on 12.1.1994 to highlight their various demands which include provision of more nurses quarters, filling up of higher level posts, centralisation of recruitment in the